# चौ० धीरपाल राजकीय महाविद्यालय

## बादली (झज्जर)

# वार्षिक प्रतिवेदन

**2022-24**

## दीक्षान्त एवं पारितोषिक वितरणोत्सव

*मुख्य अतिथि :*

**श्रीमती अलका गुलाटी**, *एच.ई.एस.- I*

D.H.E.O.

प्राचार्या राजकीय महिला महाविद्यालय, बहादुरगढ़

*विशिष्ट अतिथि :*

**श्री अजीत सिंह उर्फ जीते ठेकेदार**

प्रमुख समाजसेवी, बादली

दिनांक : 3 दिसम्बर, 2024

दूरभाष : 01276-240444

240033

*प्रस्तुतकर्त्ता :*

मेजर आनन्द कुमार

एच.ई.एस.-I

प्राचार्य



**माननीय श्रीमती अलका गुलाटी**
**D.H.E.O.**
**प्राचार्या राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़**
**का**
**हार्दिक अभिनन्दन**

**श्रीमती अलका गुलाटी –संक्षिप्त परिचय**

माननीय श्रीमती अलका गुलाटी जी का जन्म 03 अगस्त 1969 को हुआ। आपके पिता जी का नाम श्री अविनाश अरोड़ा व माता जी का नाम श्रीमती सुरिन्द्र अरोड़ा था। आपकी प्रारंभिक शिक्षा डी.ए.वी स्कूल चण्डीगढ़ में हुई। आपने बी एस सी राजकीय महिला महाविद्यालय चण्डीगढ़ से की। MCA, की उपाधि Thapar institute of Engineering and Technology से प्राप्त की।

आपने अपने Teachning Career की शुरूआत 1990 में NODE और PTL में System Analyst के रूप में मोहाली चण्डीगढ़ एक संक्षिप्त कार्यकाल के साथ हुई थी। श्रीमती अलका गुलाटी जी ने जुलाई 2022 से राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्या के पद पर कार्यरत थे। ससे पहले आप द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरूग्राम में कम्प्यूटर साईस विभाग की अध्यक्ष थी। इसके अलावा आपने हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग के लिए Centralized Online Admisssion की प्रकिया में भाग लिया। वर्तमान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में विभिन्न कमैटियों की सदस्य हैं। जिसमें Court Case Council, Executive Council Academic Council and Sports Executive Board शामिल हैं।

आपने विभिन्न Journals में अपने शोध प्रकाशित किए हैं और दो पुस्तकों की आप लेखिका हैं : Basic of Computer व Computer Fundamentals & Programming 'C'

आपने जुलाई 2022 से राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में कार्यरत हैं। इ आपके कर्मठ, जुझारू नेतृत्व के कारण शिक्षा क्षेत्र का विकास हुआ है। आप विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हो। आपके महाविद्यालय आगमन पर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

# वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2024

मान्यवर! मुख्य अतिथि महोदय! सम्मान के योग्य अतिथिगण, प्राध्यापकवर्ग, स्टाफ सदस्य एवं प्रिय छात्र-छात्राओं। मुझे आज राजकीय महाविद्यालय, बादली (झज्जर) की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस कारण मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

वेदों की पावन भूमि हरियाणा के ग्रामीण अंचल में उच्चतर शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार के महान लक्ष्य को साधने वाली इस संस्था की स्थापना की घोषणा 28 अगस्त, 2000 को एक जनसभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई तथा सितम्बर, 2000 से विधिवत् रूप से महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गई।

इस क्षेत्र के लगभग 36 गांव और उनकी ग्राम पंचायतों की यह प्रबल इच्छा थी कि क्षेत्र में भी एक कॉलेज खोला जाए जहां पर सभी वर्गों के छात्र और छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें, क्योंकि सैंकड़ों विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को पढ़ने के लिए दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता था तथा आवागमन की सुविधा भी नहीं थी। इसलिए बादली कॉलेज की स्थापना समय और स्थान दोनों की मांग थी।

इस क्षेत्र के सम्माननीय नागरिकों ने महाविद्यालय के चिरवांछित सपने को साकार करने के लिए उदारता का परिचय देते हुए विपुल धनराशि के साथ-साथ 10.5 (साढ़े दस) एकड़ जमीन भी दान में दी तथा उनके निरन्तर प्रयासों के फलस्वरूप इस क्षेत्र के लोगों का वह सपना सन् 2000 को साकार हो गया।

हरियाणा प्रदेश के जिला झज्जर में स्थित गांव बादली देश की राजधानी दिल्ली की सीमा से सटे होने के कारण अपना विशेष महत्व रखता है। यह बाहरी चमक-दमक, शोर-शराबे और प्रदूषण से दूर प्राकृतिक परिवेश में सारस्वत-साधना का सुरम्य स्थल है।

हरियाणा के ग्रामीण आंचल में नारी-शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उच्चतर

शिक्षा की इच्छुक छात्राओं के लिए यह संस्था एक वरदान है। महाविद्यालय में प्रविष्ट 50 प्रतिशत से अधिक छात्राएं इस कथन की पुष्टि करती हैं। इसलिए क्षेत्र एवं समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी पीढ़ी के विद्यार्थियों को तैयार करने का दायित्व इस महाविद्यालय का होगा। इस क्षेत्र के लोगों की खुशी का सबसे बड़ा विषय यह है कि इस महाविद्यालय के नए भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमन्त्री के द्वारा, 17 दिसम्बर, 2010 को किया गया तथा नए भवन का उद्घाटन 12 जुलाई 2014 को माननीय सांसद रोहतक के द्वारा किया गया।

नए भवन में स्थानांतरित होने के पश्चात महाविद्यालय में विज्ञान संकाय (मैडिकल एवं नॉन मैडिकल) शुरूआत हुई तथा अगस्त 2015 में एम. ए. भूगोल विषय की 60 सीटें एम.ए. इतिहास में 2019-20 सत्र में 60 सीट स्वीकृत हुई और 2021-22 में 60 सीट के साथ एम.ए. हिन्दी तथा 2023-24 में एम.ए. अंग्रेजी में 60 सीट स्वीकृत भूगोल ऑनर्स में 40 तथा कैमिस्ट्री ऑनर्स में 40 सीटें स्वीकृत होकर कक्षांए शुरू हो चुकी हैं। जो कि इस महाविद्यालय व विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त सुविधा एवं गौरव का विषय है।

महाविद्यालय परिवार :

इस महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त 21 प्राध्यापक स्थायी एवं 11 एक्सटेंशन पर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 04 तृतीय एवं 8 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है जिसमें 07 स्थायी पद पर है।

महाविद्यालय में श्रीमती रीठा शर्मा प्राचार्या 30 सितम्बर 2022, श्री मीर सिंह जी एसोसिएट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) ( 29 फरवरी 2024) को सेवानिवृत हुए। 31 मार्च 2024 में श्री सीलक राम (J.L.A.) अपने पद से सेवानिवृत हुए।

**महाविद्यालय परिवार में नए सदस्यों का आगमन :**

वर्तमान सत्र में श्री संदीप, डॉ. यशपाल व श्रीमती सरितास एक्सटेंशन लेक्चरर ने पद पर नियुक्ति प्राप्त की।

अशैक्षणिक स्टॉफ में श्री रमेश कुमार डागर, श्रीमती कांता, श्री आदित्य गुलिया ने लिपिक व श्रीमती सुमन ने पुस्तकालय सहायक के पद पर महाविद्यालय में कार्यभार सम्भाला।

स्थानांतरण में श्रीमती अनुपमा यादव (प्राचार्या) नें स्थानांतरण लिया तथा इसके साथ-साथ श्रीमती कांता सहायक के पद पर पदोन्नत होने पर राजकीय महिला महाविद्यालय कुलाना ने भी स्थानांतरण लिया। प्राचार्य डॉ. दलबीर हुड्डा के अतिरिक्त चार्ज के पश्चात प्राचार्य का कार्यभार मेजर आनंद कुमार पूरी जिम्मेदारी से संभाल रहे हैं।

**कार्यालय एवं कार्मिक वर्ग :**

कार्यालय संचालन का कार्य श्री रमेश चन्द्र उप-अधीक्षक के कधों पर है। श्री रमेश कुमार डागर विश्वविद्यालय से संबंधित कार्य व श्रीमती कविता (सहायक) स्थापना शाखा का कार्य देख रहे हैं।

**रिक्त पदः**

महाविद्यालय में इस समय 04 लैब अटैण्डेंट व इतिहास विभाग में 03 प्राध्यापकों के पद भूगोल में 04, हिन्दी में 02, अंग्रेजी 02 में रिक्त हैं।

**वित्तानुदेशक :**

वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती शर्मिला के सुयोग्य निर्देशन में महाविद्यालय के वित्तीय कार्यों का सफल एवं सार्थक निष्पादन हो रहा है।

# प्राध्यापक वर्ग की शैक्षणिक उपलब्धियाँ एवं प्रशिक्षण

1. मेजर आनन्द कुमार ने दिनांक 23 सितम्बर 2023 से 24 अक्टूबर 2023 तक ऑफिसर ट्रैनिंग एकेडमी नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित रिफ्रेसर कोर्स में भाग लिया। मई 2024 में डायरेक्टर जनरल एन.सी.सी. द्वारा मेजर की पदवी प्रदान की गई। जून 2024 में आयोजित हरियाणा कर्मयोगी कार्यक्रम में भाग लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किया।26 मार्च 2024 से महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

2. डॉ० पूनम, प्राध्यापिका जीव विज्ञान विभाग ने (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया।

4. डॉ विजय सिंह सहायक प्रोफेसर कम्प्यूटर विभाग ने 12 से 20 जून 2023 तक (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। 7 से 21 जनवरी 2024 तक रामनुजन कॉलेन युनिवर्सिटी ऑफ देहली द्वारा Managing Online Classes and co-creating Moocs " विषय पर 14 दिवसीय रिफ्रेशर कॉर्स सफलता पूर्वक पूर्ण किया।

5. डॉ० सीमा कुमारी, हिन्दी विभागाध्यक्षा ने (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2022 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया।

6. डॉ. मंजू रानी सहायक प्राफेसर राजनीतिक शास्त्र ने 11 अक्टूबर 2022 से 25.10 2022 नॉर्थ ईस्टर्न हिल विश्वविद्यालय, शिलॉग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय रिफ्रैशर कोर्स में भाग लिया तथा A+ ग्रेड प्राप्त किया। 4-5 मई 2024 को UIET महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के राजनीतिक विभाग के अन्तर्गत Board of Studies के सदस्य के रूप में पाठ्यक्रम निर्धारण के कार्य में हिस्सा लिया।

7. श्रीमति शर्मिला (वाणिज्य विभाग) ने 10 दिसम्बर 2022 से 23 दिसम्बर 2022 तक

एच आर डी सी जे जे यू, हिसार में अर्थशास्त्र और प्रबंधन विषय में रिफ्रैशर कोर्स किया। एन आर एस राजकीय महाविद्यालय रोहतक द्वारा 20-21 अप्रैल 2024 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्टी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

8. श्री विकास शर्मा सहायक प्रोफेसर (संस्कृत विभाग) ने जून 2024 में आयोजित हरियाणा कर्मयोगी कार्यक्रम में भाग लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

9. श्री रमेश कुमार सहायक प्रोफेसर, अग्रेंजी विभाग ने (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2022 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। 28 फरवरी 2024 को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी शोध पत्र प्रस्तुत किया।

11. श्रीमती पूनम शर्मा (वनस्पति विभाग) ने 10 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2022 यूजीसी मानव संसाधन केन्द्र हिमाचल यूनिवर्सिटी शिमला से रिफ्रेशर कोर्स किया। 28-29 मार्च 2024 को वर्धमान कॉलेज, बिजनौर यूपी मे राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

12. डॉ. मनजीत मेहरा सहायक प्रोफेसर गणित ने 15-28 जनवरी 2024 (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया।

13. श्री रविन्द्र ने 12-20 जून 2023 (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। 9 मई को Doctorate की उपाधि से नवाजा गया।

14. डॉ० उर्मिला रसायन शास्त्र प्राध्यापिका ने 18 जुलाई से 23 जुलाई 2022 तक के आर मंगलम युनिवर्सिटी द्वारा Reseach Techniques in Science & Technology विषय पर आयोजित एफडीपी में भाग लिया। 22 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी द्वारा आयोजित एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

15. श्रीमती निशा मलिक सहायक प्रोफेसर भूगोल ने 12 से 20 जून तक (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। 24-25

फरवरी 2024 को वैश्व कॉलेज ऑफ एजूकेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी शोध पत्र प्रस्तुत किया।

16- डॉ. नवीन कुमारी ने 12 से 20 जून तक (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। 24-25 फरवरी 2024 को वैश्व कॉलेज ऑफ एजूकेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी शोध पत्र प्रस्तुत किया।

17. श्रीमती रेणू सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने 4 मार्च,2022 को मेरा )(Mrs. Renu Gulia का Ph.D. में पंजीकरण (Registration) हुआ है। Topic - " Risk Management and Financial Performance : A comparative study on publicand private sector and private sector Banks"University - Baba Mastnath UniversityAsthal Bohar, Rohtak, Haryana

18. डॉ० समता गुलिया , गणित विभाग ने 12 से 20 जून तक (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। मई 2024 में वी ए एम कॉलेज मुम्बई द्वारा आयोजित नेशनल सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

19. डॉ० बेबी , भूगोल विभाग ने 12 से 20 जून तक (IGNOU (Delhi) द्वारा Implimation of NEP 2020 for University & College "विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। 15 अप्रैल से 21 अप्रैल 2023 बाला वी अकेडमी चैन्नई द्वारा आयोजित एक सप्ताह नेशनल लेवल वर्कशॉप में भाग लिया।

20. आरती रानी , वाणिज्य विभाग ने 4-5 मई 2024 को एमडीयू में आयोजित अतंराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया। जनवरी-जून 2024 UGC Care Approval Journal में शोध पत्र प्रकाशित करवाया।

21. श्रीमती आशा , वाणिज्य विभाग ने 4-5 मई 2024 को एमडीयू में आयोजित अतंराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

छात्रवृत्तियाँ :

राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 2022-23 में 34 विद्यार्थियों तथा 2023-24 में 35 विद्यार्थियों को पिछड़ी जाति हेतु पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है व एस. सी. कान्सोलिडेटेड के लिए 2022-23 में 133 व 2023-24 में 129 विद्यार्थियों को DBT के माध्यम से राशि प्रदान की गई।

पुस्तकालय :

महाविद्यालय में एक शानदार पुस्तकालय है। पुस्तकालय में कुल 10500 पुस्तकें है जो कि विभिन्न विषयों से सम्बन्धित हैं। पुस्तकालय में प्रतिदिन 40 से 50 पुस्तकें आदान प्रदान होती है पुस्तकालय के साथ-साथ वाचनालय में 8 दैनिक समाचार पत्र एवं 8 पत्रिकाएं आती हैं, जिनसे विद्यार्थी विभिन्न प्रकार का ज्ञान प्राप्त करते हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में पुस्तकालय के लिए सरकारी अनुदान राशि 5लाख प्राप्त हुई जिसका उपयोग पूर्ण रूप से किया जा चुका है तथा वर्ष 2023-24 में 2 लाख रूपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। विद्यार्थी डॉ. पूनम व श्रीमती सुमन के मार्गदर्शन में पुस्तकालय की सुविधाओं का लाभ उठाते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :

एन.एस.एस की महाविद्यालय में 2 यूनिट है। वर्तमान में छात्राओं की यूनिट की प्रभारी श्रीमती रेणू हैं तथा छात्रों के प्रभारी श्री संदीप हैं । राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर एवं एक दिवसीय शिविरों का आयोजन समय-समय परकिया गया। वर्ष 2022-23 व 2023-24 में श्री विकास शर्मा व श्रीमती पूनम शर्मा प्रभार काल में 9 स्वयंसेवक

07 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर फतेहाबाद, रोहतक, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र, पंजाब, उत्तराखण्ड व मनाली आदि स्थानों पर गए। वर्ष 2022-23 महाविद्यालय के छात्र जीतल बी. ए. तृतीय वर्ष का गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने के लिए चयन हुआ।

## नेशनल कैडिट कोर (NCC)

मेजर आनंद काद्यान के नेतृत्व में एनसीसी के प्रतिभागी वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में लगे रहे। CATC कैम्प में 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कैंप राजकीय पॉलीटेकनीकल, लिसाना रेवाड़ी में आयोजित किया गया। स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपमण्डल बादली में आयोजित समारोह में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा समारोह में उत्तम प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरुस्कार भी प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 9 कैडट्स ने 'सी' प्रमाण-पत्र एवं 8 अन्य कैडट्स ने 'बी' प्रमाण-पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण की। एन. सी. सी. के सभी प्रतिभागी हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लेते हैं। महाविद्यालय में आयोजित ब्लड डॉनेशन कैम्प में 20 कैडैट ने ब्लड डोनेट किया।

## महिला प्रकोष्ठ :

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमति पूनम शर्मा है। सत्र 2022-23 में लड़कियों के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएँ का आयोजन किया गया जिसमें इण्टर कॉलेज पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता करवायी गई। 8 दिसम्बर 2022 को मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली बनाना, कोलॉज बनाना आदि प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। वर्ष 2022-23 में सरकार द्वारा 25000/- रूपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा 30000/- रूपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 31 अक्टूबर 2023 को करवाचौथ के उपलक्ष्य में

मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**महाविद्यालय का परिणाम :**

हमारे विद्यार्थी लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम गत वर्ष भी विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम के ऊपर रहा । महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक आया है। महाविद्यालय के 4 छात्रों ने इस वर्ष नेट/जे आर एफ की परीक्षा पास की ।

**सांस्कृतिक क्षेत्र :**

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संयोजक श्री विकास शर्मा ने दिसम्बर 2022 में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की। वर्ष 2022-23 व 2023-24 में तीन दिवसीय युवा महोत्सव में भाग लिया । जिसमें महाविधालय के छात्र-छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया गया। वर्तमान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संयोजिका श्रीमती रेणू गुलिया है। जिनके निर्देशन में 2022-23 में आरकेस्ट्रा (हरियाणवी) टीम द्वितीय स्थान व हरियाणवी कविता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2023-24 में जोनल यूथ फेस्टीवल में हरियाणवी स्कीट में प्रथम, संस्कृत श्लोक उच्चारण में द्वितीय व पाश्यात्य वाद्ययंत्र एकल में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

**प्लेसमैन्ट सैल :**

रोजगार प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. पूनम एवं श्री संदीप हैं। महाविद्यालय में रोजगार सम्बन्धी जानकारी के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया हैं। इसमें विभिन्न शिक्षाविद् द्वारा रोजगार सम्बन्धी जानकारी के लिए विस्तार व्याख्यान आयोजित किए गए।

इसी सैल के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए 6 समाचार पत्र 4 प्रतियोगी पत्रिकाएं, 2 रोजगार समाचार पत्र मंगवाए जाते है, जिससे वे हर प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकें।

समाचार पत्रों में दी गई विज्ञप्तियों को विद्यार्थियों के लिए सूचना पट्ट के माध्यम से अवगत कराया जाता है। इस प्रकोष्ठ में विभिन्न विषयों की 1153 पुस्तकें हैं जिससे विद्यार्थी रोजगार प्राप्ति में सहायता प्राप्त करके लाभन्वित होते हैं। एक निबंध प्रतियोगिता तथा विविध व्याख्यानों का आयोजन प्राध्यापक श्री रवीन्द्र ने करवाया।

## युवा रैडक्रॉस इकाई / रेड रिबन क्लब :

महाविद्यालय में इस इकाई की प्रभारी डॉ. नवीन कुमारी हैं। इस इकाई के छात्र विभिन्न शिविरों में जो कि इस इकाई के द्वारा आयोजित होते हैं, में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। HIV Aids, Covid 19 पर ऑनलाईन जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रातियोगिता व 30 अगस्त 2022 को पोस्टर मेकिंग, मॉस्क पेंटिंग आदि प्रातियोगिताओं का आयोजन हुआ। अप्रैल 2024 में महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया जिसमें 85 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया ।

## अर्न व्हाइल यू लर्न :

इस योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों को पुस्तकालय, भूगोलप्रयोगशाला कार्यालय, लेंग्वेज लैब, रोजगार प्रकोष्ठ आदि में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस वर्ष प्राप्त अनुदान राशि (20,000) का उपयोग कर लिया गया है। इस योजना की प्रभारी डॉ. सीमा हैं।

## धूम्रपान निषेध कमेटी :

उच्चतर शिक्षा आयुक्त के आदेशानुसार महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध कमेटी का गठन किया गया है। महाविद्यालय परिसर को पूर्णत: तम्बाकू एवं उसके अन्य उत्पादों से मुक्त रखने का प्रयास इस कमेटी के द्वारा किया गया है। इस कमेटी के संयोजक डॉ. मनजीत मैहरा व डॉ० विजय सिंह व श्री रमेश कुमार हैं।

## आर० टी० आई० कमेटी :

आर० टी० आई० एक्ट 2005 के नियमों को कार्यान्वित करने के लिए इस कमेटी की प्रभारी डॉ. पूनम को बनाया गया है, जिनके तत्वाधान में इस महाविद्यालय से सम्बन्धित जानकारी मांगे जाने पर शीघ्र निर्धारित अवधि में जानकारी उपलब्ध करा दी जाती है। डॉ० संजय कुमार का भी सूचना सम्प्रेषण लेखन व रिकार्ड को व्यवस्थित करने में विशेष योगदान रहा हैं।

## खेलकूद गतिविधियां 2022-23 :

श्री विकास शर्मा प्राध्यापक (संस्कृत) के नेतृत्व में खेलकूद सम्बन्धी गतिविधियां करवाई जाती है। महाविद्यालय में एक Gymnasium Hall की व्यवस्था है तथा विशाल खेलकूद मैदान है जिसका उपयोग विद्यार्थियों के द्वारा किया जाता है।

सत्र 2022-23 में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की खेलकूद को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी इस प्रकार रही है -

छात्र उधम बी०ए० द्वितीय व नेत्रपाल बी०ए० प्रथम वर्ष ने एम.डी.यू. रोहतक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 2023-24 में कुमारी अंकिता व निकिता ने अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया व महाविद्यालय की फुटबॉल टीम भी विश्वविद्यालय में प्रथम रही। 5 विद्यार्थी अंतर विश्वविद्यालय टीम का हिस्सा बने।

## कम्प्यूटर लैब :

महाविद्यालय में सत्र 2022-23 के दौरान पचास लाख रूपऐ की अनुदान राशि प्राप्त हुई, जिसके अन्तर्गत नई कम्प्यूटर लैब व 8 स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किये गए। दो

लैबों में 20-20 कम्प्यूटर सरकार द्वारा स्थापित करवाए गए हैं। जिससे महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी कम्प्यूटर के ज्ञान से लाभन्वित हो रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए दो कम्प्यूटर अनुदेशक श्री रमेश कुमार एवं श्री अमित कुमार नियुक्ति सरकार द्वारा की गई हैं।

**लेंग्वेज लैब :**

उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा लैंग्वेज लैब स्थापित करने हेतु 2,00,000/- रूपए की राशि सत्र 2013-14 में प्रदान की गई। नए भवन के निर्माण के पश्चात लैब स्थापित की जा चुकी है जिसमें कम्प्यूटर एवं अन्य आवश्यक उपकरण स्थापित किए गए हैं। इसकी संचालन व्यवस्था का प्रभार श्री रमेश कुमार के कंधों पर हैं।

**भूगोल लैब :**

महाविद्यालय में सत्र 2022-23 के दौरान नई भूगोल लैब के लिए 6 लाख 26 हजार की अनुदान राशि प्राप्त हुई। इसमें एक समय में 40 विद्यार्थी प्रेक्टिकल कर सकते है। इसके अध्यक्ष श्रीमती निशा मलिक है, जिसकी देख-रेख में प्रयोगशाला का संचालन भलीभांति होता है। वर्तमान में भूगोल लैब में 5 कम्प्यूटर स्थापित हैं।

**गणित लैब :**

महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के दौरान गणित लैब की स्थापना की गई । जिसमें 8 लाख 37 हजार की अनुदान राशि प्राप्त हुई। इस लैब के लिए 10 कम्प्यूटर सेट 1 कलर प्रिंटर1 प्रोजेक्टर प्राप्त हुए। इसके अध्यक्ष डॉ. मंजीत मेहरा हैं। जिसकी देख-रेख में प्रयोगशाला का संचालन भलीभांति होता है।

**रैगिंग निषेध कमेटी :**

महाविद्यालय में रैगिंग निषेध कमेटी का गठन किया गया है जिसका उद्देश्य नए विद्यार्थियों को पूर्व विद्यार्थियों के द्वारा अनुचित रूप से परेशान करने से रोकना है। यह संतोष का विषय है कि इस महाविद्यालय में इस सत्र में कोई रैगिंग संबंधित घटना नहीं हुई। मेजर आनन्द कुमार एवं डॉ. विजय सिंह इस कमैटी के सदस्य हैं।

**लीगल सैल :**

इस सैल के प्रभारी डॉ. मंजीत मेहरा है। जिसके द्वारा समय-2 पर कानून सम्बन्धित उपयोगी जानकारियां देकर विद्यार्थियों को लाभन्वित किया जाता है।

**ट्यूटोरियल ग्रुप :**

महाविद्यालय में टयूटोरियल ग्रुप बनाए गए हैं जिनमें विद्यार्थी महीनें में दो बार पढ़ाई के विषयों के अतिरक्त अन्य विषयों पर ट्यूटर से विचार-विमर्श करते हैं। इसके प्रभारी श्रीमती शर्मिला हैं।

**प्रोक्टोरियल डयूटीज :**

महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए तथा अध्यापन कार्य के सम्यक् संचलन के लिए प्राध्यापक अपने खाली समय में विद्यार्थियों को अनुशासित करते है तथा शान्ति बनाए रखने का प्रयास करते हैं। इसके प्रभारी डॉ उर्मिला हैं।

महत्वपूर्ण दिवस एवं जयन्ती :

05 सितम्बर को भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें प्राध्यापक वर्ग और प्राचार्य महोदय ने उनके जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला।

14 सितंबर 2023 को चन्द्रयान उत्सव के तहत पोस्टर/स्कैच व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

14 सितम्बर महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय के विधार्थियों ने हिन्दी पर कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय की आवश्यकताएं :

- महाविद्यालय में कैंटीन की इमारत नहीं है। इमारत बनावाकर कैंटीन की व्यवस्था करवाई जाऐ।
- महाविद्यालय के बहु द्देशीय हॉल में आवाज गूंजती है। जिसके कारण किसी भी उत्सव के आयोजन में बाधा आती है अतः उसमें जीर्णोद्धार कराया जाए जिससे इसको अच्छे से उपयोग हो सके।
- महाविद्यलाय में 32 सी.सी. टी. वी. कैमरे व सोलर पैनल की आवश्यकता है।
- महाविद्यालय को विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने व विभिन्न नये पाठ्यक्रम शुरू होने के कारण कक्षा कक्षों की व लैब की कमी हो गई है 5 नई लैब और 5 नये कक्षा कक्ष बनवाने की आवश्यकता है।
- महाविद्यालय के खेल प्रांगण के चारो तरफ दर्शको के बैठने के लिए सीढियाँ बनवाने एवं बास्केट बॉल के ग्राउण्ड के निर्माण की पुनः आवश्यकता है।

• क्षेत्र के विद्यार्थियों के मांग को देखते हुए महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा के कोर्स शुरू करने की आवश्यकता है।

• महाविद्यालय में 5 लैब हैं लेकिन लैब अण्टैड नहीं है अत: लैब अण्टैड लगवाने की तुरंत आवश्यकता है।

• इतिहास विभाग में 3, भूगोल में 4, हिन्दी मे4, और अंग्रेजी में 3 प्राध्यापकों की नियुक्ति/ स्थानांतरण की आवश्यकता है।

• एक नियमित प्राचार्य एवं पुस्तकालय में पुस्तकालय अध्यक्ष की आवश्यकता है।

आभार प्रदर्शन :

★ मै माननीय महामहीम बण्डारू दत्तात्रेय राज्यपाल हरियाण सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

★ मै माननीय श्री नयाब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हरियाण सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

★ मै माननीय श्री महिपाल ढांडा शिक्षामंत्री हरियाण सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

★ मै माननीय ACS उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

★ मै माननीय Director General उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

★ मैं प्रो. राजबीर सिंह उप-कुलपति, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

★ मैं माननीय श्री प्रदीप दहिया उपायुक्त के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

★ मैं उपमण्डल अधिकारी बादली श्री सतीश यादव का भी आभारी हूं। जो हमें हमेशा सहयोग देते हैं।

★ मैं बादली में कार्यरत श्री महाबीर गुलिया, श्री मनोज कौशिक, श्री रविन्द्र राठी व अन्य सभी समाचार पत्रों के संवाददाताओं का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने समाचार पत्रों में स्थान देकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

★ मैं अभिभावकों और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

★ इस वार्षिक रिपोर्ट के लेखन के लिए डॉ. पूनम रानी प्रध्यापिका, डॉ. संजय कुमार अंग्रेजी एवं प्रकाशन के लिए डॉ. मनजीत मैहरा सहायक प्रोफेसर गणित का भी धन्यवाद करता हूँ।

★ मैं, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने ईमानदारी एवं कर्मठता से कार्य करके महाविद्यालय की सभी गतिविधियों में सहयोग किया।

★ मैं महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ कि वे अपने जीवन में उन्नति के उच्चतम शिखर पर पहुँचें।

धन्यवाद।

दिनांक : 3 दिसम्बर, 2024

मेजर आनन्द कुमार<br>प्राचार्य<br>चौ0 धीरपाल राजकीय महाविद्यालय<br>बादली।



# माननीय श्री अजीत सिंह उर्फ जीते ठेकेदार

प्रसिद्ध समाजसेवी, बादली

का

## हार्दिक अभिनन्दन

**श्री अजीत सिंह –संक्षिप्त परिचय**

माननीय श्री अजीत सिंह उर्फ जीते ठेकेदार का जन्म 08 अप्रैल 1977 को बादली गाँव में हुआ। आपके पिता जी का नाम श्री राम चन्द्र जी व माता जी का नाम फूला देवी था। प्रारंभिक शिक्षा आपने गांव बादली से प्राप्त की। आपने कला स्नातक राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर से की व आपने स्नातकोत्तर की उपाधि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से प्राप्त की।

स्नातकोत्तर करने के उपरांत आप वर्ष 2004 से समाज सेवा में कार्यों में संलग्न हैं। गौभक्त अजीत सिंह ने बादली गाँव में गौशाला का निर्माण करवा कर आप एक गौभक्त के रूप में उभरकर सामने आए। आपने 'आदर्श बादली कंस्ट्रैक्सन' प्रा० लि० कम्पनी की स्थापना की। जिसका मुख्यालय बादली में है। यह कम्पनी देशभर के महामार्गों के निर्माण में कार्यरत हैं एव देश के विकास के महत्वपूर्ण भागीदारी कर रही है। आप क्षेत्र में सामाजिक कार्यों मे सक्रिय रहते हैं जिसके कारण बादली क्षेत्र में आपकी पहचान एक बड़े समाजसेवी के रूप हैं। राजकीय महाविद्यालय बादली आपके द्वारा किए कार्यों का गवाह है। आपने महाविद्यालय बादली में एक वाटर कूलर 4 ए.सी. दान में दिए। आपने लड़कियों की सुविधा के लिए 2 बसें भी चलवाई, जो लड़कियों की शिक्षा के विकास में अतुल्यनीय योगदान है।

आपके कर्मठ, जुझारू नेतृत्व के कारण बादली क्षेत्र का विकास तेज हुआ है। आप विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हो। आपके महाविद्यालय आगमन पर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।